भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2991
08 अगस्त, 2023 को उत्तरार्थ

विषय:- आहार संबंधी योजनाओं में पौष्टीक अनाज

2991. श्री धनश्याम सिंह लोधी:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विभिन्न स्वास्थ्य परिस्थतियों के लिए आहार संबंधी योजनाओं में पौष्टीक अनाजों को शामिल करने को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य परिचर्या पेशेवरों और पोषण विशेषज्ञों के साथ मिलकर कार्य करने हेतु कोई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पौष्टीक अनाजों की खपत को बढ़ावा देने के लिए उपभोक्ताओं की भागीदारी हेतु प्रतियोगिताओं और सोशल मीडिया अभियानों का उपयोग किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)</u>

(क) और (ख) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) अपनी ईट राइट इंडिया पहल के माध्यम से विभिन्न वर्गों के लोगों के बीच स्वास्थ्यवर्धक और विविध आहार के हिस्से के रूप में मिलेटस को शामिल करने को बढ़ावा दे रहा है। एफएसएसएआई ने मिलेट आधारित रेसिपी पुस्तक भी तैयार की है जिसका नाम है श्री अन्न (मिलेट्स) रेसिपी - मेस/कैंटीन के लिए एक स्वास्थ्यवर्धक मेनू'। पुस्तक में पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण के क्षेत्रीय विशिष्ट व्यंजन शामिल हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के पोषण अभियान के तहत श्री अन्न को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस), एकीकृत बाल विकास सेवाओं (आईसीडीएस) और मध्याह्न भोजन के तहत श्री अन्न की खरीद बढ़ाने के लिए अपने दिशानिर्देशों को संशोधित किया है। मंत्रालय ने राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों को श्री अन्न की खरीद बढ़ाने की भी सलाह दी है। भारत से श्री अन्न

निर्यात के प्रचार, विपणन और विकास की सुविधा के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंडी में श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक निर्यात संवर्धन मंच की स्थापना की गई है।

(ग) और (घ) अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष (आईवाईएम)-2023 की प्रचार गतिविधियों के एक भाग के रूप में, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय (एमओए&एफडब्ल्यू) भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान श्री अन्न को बढ़ावा दे रहा है। श्री अन्न को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, सूरजकुंड मेला आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में भी प्रदर्शित किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के लिए आयोजित एक प्रमुख कार्यक्रम ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन था, जो 18 से 19 मार्च 2023 तक आईएआरआई, पूसा परिसर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था जिसका उद्घाटन माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा किया गया। श्री अन्न को मुख्यधारा में लाने के प्रयासों को जारी रखते हुए, श्री अन्न के बारे में जागरूकता बढ़ाने और आम जनता के बीच इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिल्ली हाट, आईएनए, नई दिल्ली में एक 'मिलेट्स एक्सपीरियंस सेंटर (एमईसी)' खोला गया है। सरकारी कर्मचारियों के बीच श्री अन्न की खपत को प्रोत्साहित करने के लिए, सभी सरकारी कार्यालयों को विभागीय प्रशिक्षणों/बैठकों में श्री अन्न स्नैक्स और विभागीय कैंटीनों में श्री अन्न आधारित खाद्य पदार्थों को शामिल करने की सलाह दी गई है। एमओएंडएफडब्ल्यू ने भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) के माध्यम से विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में श्री अन्न उत्पादों के लिए वेंडिंग मशीनें भी स्थापित की हैं। श्री अन्न और इसके उत्पादों को 10 राज्यों के 19 जिलों में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) के रूप में पहचाना गया है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने डीडी न्यूज नेटवर्क के माध्यम से सभी बुलेटिनों और प्राइम टाइम समाचार शो में कार्यक्रमों, विशेष कार्यक्रमों, वास्तविक कहानियों, साक्षात्कारों के लाइव प्रसारण के साथ मिलेट्स और अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष-2023 (आईवाईएम-2023) पर जागरूकता अभियान चलाया। इसके अलावा, आकाशवाणी स्टेशन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सहयोग से "किसानवाणी" और "किसान की बात" कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं। इसके अलावा, मानव आहार में श्री अन्न के पोषक लाभों, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में इसकी अहम भूमिका, पोषक तत्वों से भरपूर पशुधन फ़ीड के रूप में इसका उपयोग, जलवायु-अनुकूल खेती और किसानों के लिए लागत प्रभावी लाभकारी खेती पर 97 चिन्हित स्टेशनों के माध्यम से निरंतर कार्यक्रम प्रसारित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, समाचार सेवा प्रभाग (एनएसडी), ऑल इंडिया रेडियो द्वारा श्री अन्न के फायदों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए चर्चा और साक्षात्कार आधार कार्यक्रम भी तैयार किए गए हैं और एनएसडी के विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों पर भी जागरूकता सामग्री बड़े पैमाने पर प्रसारित की जा रही है। श्री अन्न पर आधारित विभिन्न व्यंजनों को आकाशवाणी समाचार यूट्यूब चैनल पर भी अपलोड किया गया है।

******